


हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 22 जनवरी 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 21 डिग्री

न्यूनतम 9 डिग्री

## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 27 से

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से लगे ग्राम पंचायत तलवारा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 27 जनवरी से किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक कृष्ण कुमार साहू एवं श्रीमती उमा साहू ने बताया कि उक्त आयोजन 3 फरवरी तक चलेगा। अंतिम दिवस 3 फरवरी को पूर्णाहूति हवन आदि के साथ भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजक परिवार के अनुसार विद्वान आचार्य सुरेशानंद के द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

### सुंदरकांड पाठ में शामिल होंगी विधायक रेणुका

**मनेन्द्रगढ़।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले सभी राम भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्रीमती रेणुका सिंह भी राम भक्ति में लीन नजर आई। 22 जनवरी को जब अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। तब भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह हरचौका में प्रभु श्रीराम की आराधना विधानसभा क्षेत्र वासियों के साथ करती नजर आएंगी। विदित हो कि भगवान श्रीराम वनवास के दौरान भरतपुर ब्लाक की मवई नदी पार कर हरचौका पहुंचे थे।

### जिले में आज मांस बिक्री पूर्णतः बंद

**एमसीबी।** राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार निर्देशित किया जाता है कि जन आस्था के दृष्टिगत 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संपूर्ण छग राज्य में पशुवध गृह एवं मांस बिक्री की दुकान पर्णतः बंद रखी जाएगी। इसी प्रकार जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में भी मांस बिक्री की दुकान पूर्णतः बंद रखा जाएगा। शासन के आदेशा का कड़ाई से पालन किया जाए।

### झरनापारा गौठान से सोलर पंप पार

**बैकुण्ठपुर।** तहसील अंतर्गत ग्राम झरनापारा स्थित गौठान से सोलर पंप चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दी गई। जानकारी के अनुसार झरनापारा ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती हीराकुमारी ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। शिकायत में उल्लेख किया है कि घटना दिवस 18 जनवरी को अज्ञात चोरों ने गौठान में लगे सोलर पंप को चोरी कर ले गए हैं। इस संबंध में कोई सुराग ग्राम वासियों को नहीं मिल पाया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सरकार बदलने के साथ ही ज्यादातर गौठानों में ताला लटकने लगा, जिससे कि असामाजिक तत्व इसका फायदा उठाकर गौठानों से जरूरी सामानों की भी चोरी कर रहे हैं।

### अग्निवीर कर सकते है 6 फरवरी तक आवदेन

**एमसीबी।** भारतीय वायु सेना द्वारा अविवाहित युवाओं एवं युवतियों को अग्निवीर पद पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो 6 फरवरी की रात्रि 11:59 बजे तक खुली रहेगी। इसके लिए ऑनलाईन फार्म एवं विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना के वेबसाईट पर उपलब्ध है। अग्निवीर भारतीय वायु सेना भर्ती में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक अर्हता के तहत आवेदक की जन्म तिथि 2 फरवरी से 2 जुलाई 2007 तक अर्थात दोनों तिथियों के मध्य होना आवश्यक है। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था अथवा बोर्ड से गणित, भौतिक एवं अंग्रेजी विषय में 50 % अंक एवं अंग्रेजी विषय के 50 %अंकों के साथ अथवा राज्य के मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, कंप्यूटर साइंस, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी आदि विषयों के साथ 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए।

### जमकर बिके दीये, राममय हुआ अंचल, जगह-जगह दीपावली जैसा माहौल

# प्राण प्रतिष्ठाः कोरिया-एमसीबी उत्सव के लिए तैयार



प्रेमाबाग में 11 हजार दीपक प्रज्जवलित करने की तैयारी में जुटे लोग।





दीये की जमकर हुई बिक्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आज 22 जनवरी का दिन समस्त सनातन धर्म प्रेमियों के लिए खास दिन साबित होगा और यह दिन इतिहास में दर्ज हो जाएगा। आज के दिन श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या में निर्मित मंदिर में रामलला के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कराया जाना है, इसके लिए अयोध्या ही नहीं देशभर में उत्सव का माहौल है।

कोरिया-एमसीबी सहित जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में इसका उत्साह सभी ओर देखा जा रहा है। पूरे शहर में श्रीराम के ध्वज लहरा रहे हैं। शहर के कोरिया कुमार चौक, फव्वारा चौक को श्रीराम ध्वज से सजा दिया गया है, इसके अलावा शहर के दुकानों एवं मकानों में भी श्रीराम के झंडे लहरा रहे हैं। सभी मुख्य मार्ग किनारे विद्युत खंभों, पेड़ों पर श्रीराम के झंडे लहरा रहे हैं। इस समय शहर का नजारा देखते ही बनता है। दीपावली के बाद दूसरी दीपावली के लिए शहर तैयार है, पूरे शहर को भगवामय कर दिया गया है। लोगों से अपील की गई है कि 22 जनवरी को उत्सह के रूप में मनाए और सायं के समय प्रत्येक घर परिवार के दहलीज पर पांच दीये अवश्य जलाने की अपील की गई है, इसकी तैयारियां लोगों द्वारा भी की जा रही है। शहर से लेकर गांव-गांव तक श्रीराम के पूजा-अर्चना की तैयारियां पूरी कर ली है। इस दिन जिला मुख्यालय में स्थित विभिन्न मंदिरों में विशेष रूप से धार्मिक आयोजन किए जाएंगे, इससे पूरे शहर में भक्ति की बयार चलेगी। इस दिन मंदिरों में सुंदरपाठ, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन से भक्तिमय वातावरण बना रहेगा। इसकी शुरूआत एक दिन पूर्व 21 जनवरी रविवार से ही कई जगहों पर हो गया है। शहर के अन्य स्थानों पर स्थित मंदिरों को आकर्षक तरीके से सजाया संवारा जा रहा है। 22 जनवरी को अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, इसके अलावा अन्य मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम पश्चात भंडारा आयोजित किए जाने की तैयारियां की जा रही है। 22 जनवरी के दिन को दीपावली की तरह मनाने की तैयारियां की जा रही है। बाजार में पटाखों की बिक्री की जा रही है, वहीं दीये के व्यापारी कई दिनों से दीये का विक्रय कर रहे हैं। इस समय भी कई लोगों के द्वारा दीये की खरीदी की जा रही है, वहीं कई लोगों के द्वारा अपने घरों को विद्युत झालरों से सजाया गया है। उत्सव की तैयारी ऐसा की मानों दीपावली का पर्व ही आ गया है।

### प्रेमाबाग मंदिर परिसर से निकलेगी विशाल शोभायात्रा

आज 22 जनवरी को शहर में विशाल बाइक शोभायात्रा निकाली जाएगी। जानकारी के अनुसार बाइक रैली 10 बजे प्ेरमाबाग मंदिर परिसर से निकाली जाएगी,जो शहर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करने के पश्चात प्रेमाबाग मंदिर परिसर में आकर समाप्त होगी। इसके बाद मंदिर परिसर में अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का लाईव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। आयोजित शोभयात्रा में काफी संख्या में श्रीराम भक्तों के शामिल होने की उम्मीद है। रैली को ऐतिहासिक बनाए जाने की पूरी तैयारियां की गई है। वहीं पुलिस प्रशासन भी आज विविध आयोजन को लेकर सुरक्षा की चौकस व्यवस्था बनाई है।

### 11 हजार दीपों से जगमग होगा मंदिर परिसर

शहर के प्राचीन प्रेमाबाग मंदिर परिसर में 22 जनवरी की शाम को 11 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। ऐसा पहली बार होगा जब प्रेमाबाग मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में एक साथ दीप जगमग होंगे, इससे मंदिर परिसर का रात्रि में अलग ही नजारा देखने को मिलेगा, इसके बाद रात्रि 8 बजे विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### प्राचीन श्रीराम मंदिर में रामायण पाठ



जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के पैलेस में स्थित 100 साल पुराने श्रीराम मंदिर में 21 जनवरी से ही रामायण पाठ भक्तजनों के द्वारा शुरू कर दिया गया है और 22 जनवरी को भी प्राचीन श्रीराम मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, इसके लिए कई दिनों पूर्व से तैयारियां शुरू कर दी गई थी। स्थानीय पैलेस के निकट श्रीराम मंदिर में खास अवसरों पर ही धार्मिक आयोजन होते हैं।

### प्रेमाबाग मंदिर परिसर में संगीतमय आयोजन

शहर के प्राचीन प्रेमाबाग मंदिर परिसर में 21 जनवरी से ही संगीतमय धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत हो गई, इससे धार्मिक वातावरण पूरे क्षेत्र में बन गया। 22 जनवरी को प्ेरमाबाग मंदिर परिसर में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, साथ ही यहां विशाल भंडारा कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। देवराबा बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### जिलेभर में आयोजित होंगे धार्मिक कार्यक्रम

कोरिया-एमसीबी जिले में अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी है, वहीं जिले में भी इस दिन को खास दिन बनाने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। 22 जनवरी को शहर से लेकर गांव-गांव में स्थित विभिन्न मंदिरों में अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुछ जगहों पर तो एक दिन पूर्व 21 जनवरी को ही अखंड रामायण पाठ शुरू हो गए हैं, इसके अलावा सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन गांव -गांव के मंदिरों में शुरू हो गए हैं।

### मांस बिक्री बंद रखने के निर्देश

आज अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए नगरीय प्रशासन विभाग के अवर सचिव ने समस्त कलेक्टरों को आदेश जारी कर कहा है कि 22 जनवरी को जन आस्था व भावना को देखते हुए पशु वध गृह एवं मांस बिक्री की दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं कोरिया कलेक्टर विनय लंगेह के द्वारा 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित किया है, इसके तहत समस्त मदिरा दुकाने आज के दिन बंद रहेंगी।



## कोयलांचल नगरी चिरमिरी भगवामय

**डोमनहिल।** चिरमिरी क्षेत्र के प्रत्येक कॉलरी पोड़ी से लेकर डोमनहिल तक चहल-पहल भरी सड़कों और भीड़ भरे बाजारों तक भगवा झंडे लहरा रहे हैं। व्यापारी, संगठन और समाज के तमाम वर्ग अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव क्षेत्र में मनाने को तैयार हैं और इसके लिए समारोह, प्रभात फेरियों के साथ मंदिर की छाप लिए सामान का अंबार लग गया है। चिरमिरी क्षेत्र का मुख्य बाजार हल्दीबाड़ी, डोमनहिल, गोदरीपारा ,बड़ीबाजार, छोटी बाजार में रविवार की शाम को कीर्तन शुरू हो गया। अगले दिन प्राण प्रतिष्ठा के समय यहां भी हवन होगा, इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। बाद में भगवान राम की मूर्ति के साथ बाजार में रथयात्रा निकाली जाएगी और दो दिन का यह कार्यक्रम भंडारे के साथ संपन्न होगा। डोमनहिल सहित मुख्य बाजार हल्दीबाड़ी, गोदरीपारा, बड़ीबाजार, छोटी बाजार क्षेत्र के रामभक्तों द्वारा यहां खुली जगह को सैकड़ों मीटर कपड़े के झंडों और बैनर से सजाया गया है। सोमवार की शाम यहां लाखो दीये जलाने के साथ-साथ जगह -जगह भोग भंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करने, रोशनी करने, आतिशबाजी जलाने तथा भजन बजाने की भी योजना है । डोमनहिल राम मंदिर कीर्तन समिति ने बताया कि चिरमिरी क्षेत्र में व्यापार मंडल सहित कई संगठन



के द्वारा जगह-जगह कार्यक्रम कराया जा रहा हैं। इनमें पदयात्रा, स्कूटर-कार रैली तथा सभाएं आदि शामिल हैं। क्षेत्र के बाजारों जैसे कि हल्दीबाड़ी, डोमनहिल, बड़ीबाजार, गोदरीपारा में राम मंदिर विषय से जुड़े सामान की भरमार दिखती है। इनमें ध्वजा, बैनर, हेडबैंड, पोस्टर, तोरण स्टिकर, बैज, छोटी मूर्तियां और मंदिर के मॉडल शामिल है। 20 रूपए में छोटे ध्वज से लेकर 500 रूपए में बड़े आकार के पोस्टर बैनर तक बिक रहे हैं। चिरमिरी शहर में दीवाली जैसा माहौल बना हुआ है। पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल दिख रहा है। यहां के कई बाजारों में पिछले कई दिनों से राम कीर्तन और भजन का आयोजन किया जा रहा है। अन्य शहरों की तरह चिरमिरी में भी विशाल एलईडी स्क्रीनों के जरिए लोगों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह लाइव दिखाया जाएगा। ऐसा ही विशाल स्क्रीन हल्दीबाड़ी स्कूल मैदान में लग रहा है।



## कलेक्टर विनय अमले के साथ पहुंचे प्रसिद्ध प्रेमाबाग मंदिर

कोरिया कलेक्टर विनय लंगेह अपने अमले के साथ शहर के प्रसिद्ध प्रेमाबाग मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने 22 जनवरी के आयोजन को लेकर देवराहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे सहित अन्य लोगों से चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने यहां स्थित देवी-देवताओं के दर्शन भी किए। जिला प्रशासन की ओर से कोरिया जिले में प्रेमाबाग सहित सोनहत, खरवत में विभिन्न आयोजन किए गए हैं। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा, साथ ही रामायण मानस मंडली द्वारा अपनी प्रस्तुति भी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के प्रेमाबाग राम मंदिर प्रांगण में 11 हजार दीपक प्रज्जवलित किए जाएंगे।




मंदिर परिसर का निरीक्षण करते कलेक्टर विनय लंगेह।



## शोभायात्रा में जय श्रीराम से गूंजा चरचा कॉलरी

**चरचा कॉलरी।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर पालिका शिवपुर चरचा के सर्व हिंदू समाज द्वारा शनिवार को भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा चरचा रेलवे ग्राउंड से निकल कर पालिका क्षेत्र के मुख्य मार्ग से होते हुए सुभाष नगर, अम्बेडकर नगर, नेपाल गेट, व्हीटीसी होते हुए राजीव गांधी चौक के पास स्थित वीर हनुमान मंदिर प्रांगण पहुंची।

वहां राम भक्तों के द्वारा मंदिर में दर्शन के पश्चात यह यात्रा राजीव गांधी चौक होते हुए वार्ड क्रमांक 10 स्थित भगवान राम के मंदिर में जा पहुंची, जहां पर राम मंदिर में स्वयंसेवकों के द्वारा यात्रा में शामिल राम भक्तों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल हजारों राम भक्तों के द्वारा श्रीराम माता जानकी के दर्शन के पश्चात यह यात्रा समाप्त हुई। दोपहर के पश्चात निकाली गई शोभायात्रा में मौसम बारिश ने व्यवधान होने के बावजूद शोभा यात्रा निकाली गई। इस बारिश में श्रद्धालुओं ने भगवान का आशीर्वाद समझ कर पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की संख्या ज्यादा देखी गई। धार्मिक भजनों के धुन पर महिलाओं एवं पुरुष चरचा के मुख्य मार्ग में निकले, सभी महिलाओं के हाथों में भगवा ध्वज एवं पीले वस्त्र धारण



किए हुए युवक-युवतियां भगवान राम के भजनों एवं जय श्रीराम के गगन भेदी नारे के साथ पूरी चरचा धार्मिक नगरी के रूप में नजर आ रही थी। चरचा क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को नगर भ्रमण कर जय श्रीराम के नारों के साथ भ्रमण किया। आयोजन को सफल बनाने में अभिमन्यु मुदुली, धर्मेन्द्र सिंह, नपाध्यक्ष राजेश अशोक सिंह, विनोद सिंह, रोशन ओझा, मनोज पांडे, सुरेन्द्र सिंह छोटू, अंकित अग्रवाल, प्रभात दास, सचिन मलिक, मनीष गुप्ता, संतोष सिंह, महेश शर्मा, सुरेश दास, अमन शर्मा, राजेश कुर्रे, नंदकिशोर राजवाड़े, नागेन्द्र पटेल, रौनक शर्मा, रंजन शर्मा, आदित्य जायसवाल, राजेश यादव, पवन यादव, शिल्पा शर्मा, दीपा विश्वकर्मा, काजल मोदी एवं सर्व हिन्दू समाज के द्वारा आयोजन संपन्न किया गया।

### वन विभाग ने बनाई नजर, ग्रामीणों में दहशत व्याप्त

# 9 सदस्यीय हाथियों का दल पहुंचा सलका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर अंतर्गत वनपरिक्षेत्र बैकुंठपुर में 21 जनवरी को सुबह के समय हाथियों का 9 सदस्यीय दल पहुंचने की जानकारी के बाद वन विभाग का अमला सजग हो गया है और हाथियों के मूवमेंट पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं।

वहीं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मुनादी कराकर हाथियों से दूरा बनाकर रहने एवं किसी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं करने की समझाईस दी गई। जानकारी के अनुसार कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के लगे ग्राम सलका के बीट क्रमांक 480 एवं 481 कांदाबारी के जंगलों में हाथियों का 9 सदस्यीय दल पहुंच गया है। जानकारी के अनुसार हाथियों का दल मनसुब बीट अंतर्गत पिपरिया से पीपरढाब, रोबो होते हुए 21 जनवरी को सुबह लगभग 7 बजे कांदाबारी के जंगल में पहुंच कर विचरण कर रहे हैं। सूचना पर हाथियों पर सतत निगरानी वन विभाग के मैदानी अमला द्वारा बनाई गई है। उल्लेखनीय है कि वन परिक्षेत्र बैकुंठपुर के ग्राम सलका के निकट कांदाबादी का वन क्षेत्र हाथियों का चीर परिचित क्षेत्र हैं और इस जंगल में प्रतिवर्ष हाथियों का दल पहुंचता रहता है। इस दौरान कई बार हाथियों का दल कांदाबादी के जंगलों से निकल कर पास के रहवासी क्षेत्र में भी पहुंच जाता है और लोगों के फसलों के साथ मकानों को क्षति पहुंचाते रहे हैं। अब फिर कांदाबारी जंगल क्षेत्र से लगे गांवों के लोगों को हाथियों की आमद की खबर के बाद दहशत भर गया है।

जानकारी के अनुसार हाथियों के दल के द्वारा किसी तरह के नुकसान पहुंचाए जाने की जानकारी नहीं है। बीते 21 जनवरी को आए हाथियों का दल कांदाबारी के जंगल में ही विचरण करते रहे।

## व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण के लिए बंजारीडांड़ स्कूल का चयन

**खड़गवां।** समग्र शिक्षा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बंजारीडांड़ विकासखंड खड़गवां का चयन वर्ष 2023-24 में पूर्व व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण के लिए किया गया। इसका उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्थानीयजन की सहभागिता से बच्चों का कौशल विकास करना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शाला विकास समिति के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। उपस्थित सदस्यों को प्रधान पाठक शैलेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि इस वर्ष समग्र शिक्षा के द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बंजारीडांड़ का चयन पूर्व व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण के लिए किया गया है, इसके लिए संस्था को 10 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई है। उक्त राशि का उपयोग सहमति से विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए किया जाना है। स्थानीय प्रशिक्षक बालेन्द्र कुमार बंजारे द्वारा सिलाई कार्य, उमेद्र कुमार साहू द्वारा सामान्य विद्युत कनेक्शन, शाला की पूर्व छात्रा कुमारी प्राची साहू द्वारा मेंहदी लगाने की कला, शिक्षिका अनीता सिंह, सरिता सिंह एवं कविता भगत के द्वारा बच्चों को कढ़ाई-बुनाई, पेपर कटिंग एवं पेंटिंग का हूर सिखाया गया, इसका उपयोग बच्चे अपने दैनिक जीवन एवं संस्था में कर रहे हैं। पूर्व व्यावसायिक प्रशिक्षण बच्चों को जीवन कौशल के उत्थान के लिए नींव का पत्थर साबित हो रहा है। बच्चों की कला देखकर विखं शिक्षा अधिकारी बलविंदर सिंह, बीआरसी ओमशंकर सिंह, शैक्षिक समन्वयक कन्हैयालाल, रवि और पालकों ने बच्चों सराहना की।



प्रशिक्षण में शामिल बच्चे।

21 Jan-Jash Bhoomi pg 2_Layout 1 1/21/2024 7:34 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## बॉफ्टा अवॉर्ड्स में ओपेनहाइमर की धूम, बार्बी को छोड़ा पीछे



**लंदन।** ब्रिटिश एकेडमी फिल्म अवाड्र्स (बाफ्टा) 2024 के नामांकन की घोषणा 18 जनवरी को कर दी गई। क्रिस्टोफर नोलन के निर्देशन में बनी 'ओपेनहाइमर' और 'पुअर थिंग्स' अवॉर्ड्स की रेस में सबसे आगे नजर आ रही हैं। ओपनेहाइमर ने 13 नामांकन हासिल किए। वहीं, 'पुअर थिंग्स' ने 11 नामांकन के हासिल करने में कामयाबी पाई। उनके बाद 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' और 'द जोन ऑफ इंटरेस्ट' को नौ कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया। वहीं, 'बार्बी' को केवल पांच नामांकन मिले हैं। लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित नामांकन कार्यक्रम की मेजबानी डेविड टेनेंट ने की। नामांकन कार्यक्रम में ओपनेहाइमर की धूम नजर आई। हालांकि, बार्बी को काफी कम श्रेणियों में नामांकित किया गया। इन फिल्मों के अलावा 'साल्टबर्न', 'नेपोलियन', रोमांटिक कॉमेडी 'राई लेन' और 'वोंका' भी नामांकम पाने में सफल रही। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए ब्रैडली कूपर (मेस्ट्रो) , कोलमैन डोमिंगो (रस्टिन), पॉल जियामाटी (द होल्डओवर्स), बैरी केओघन (साल्टबर्न), सिलियन मर्फी (ओपेनहाइमर) और टीओ यू (पास्ट लाइव्स) को नामांकित किया गया। वहीं, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के अवॉर्ड के लिए फैंटासिया बैरिनो (द कलर पर्पल), सैंड्रा हॉलर (एनाटॉमी ऑफ ए फॉल), केरी मुलिगन (मेस्ट्रो), विवियन ओपरा (राई लेन) मार्गोट रोबी (बार्बी) एम्मा स्टोन (पूअर थिंग्स) अपनी दावेदारी पेश करेंगी।

### टॉलीवुड

## प्रभास के फैंस को जल्द देखने को मिल सकती है 'सालार 2'



**चेन्नई।** प्रशांत नील के निर्देशन में बनी फिल्म 'सलार' बीते साल के आखिरी महीने में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर 'डंकी' के साथ टक्कर होने के बाद भी फिल्म ने जमकर नोट छापे। जनवरी के महीने में भी इस फिल्म ने सिनेमाघरों में खूब धूम मचाया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में प्रभास के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन भी नजर आए हैं। अब अभिनेता के फैंस के लिए 'सलार 2' को लेकर बड़ा अपडेट आया है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि 'सलार' एक बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है और फिल्म के मेकर्स ने अच्छा मुनाफा कमाया है। प्रभास के प्रशंसक अपने स्टार हीरो को दमदार वापसी करते हुए देखकर रोमांचित हैं।अब सबकी नजरें फिल्म के दूसरे पार्ट पर हैं, जिसे लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। इस खबर को सुन अभिनेता के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे। खबर है कि अभिनेता प्रभास ने निर्देशक प्रशांत नील से जल्द से जल्द दूसरे भाग की शूटिंग शेड्यूल करने का अनुरोध किया है। प्रभास जल्द ही सीक्वल खत्म करके अपनी अगली फिल्म स्पिरिट पर काम करना चाहते हैं। इसी बीच यह भी खबर है कि प्रशांत नील ने दूसरे भाग का लगभग 40% हिस्सा पहले ही पूरा कर लिया है। होम्बले फिल्म्स ने इस फिल्म का निर्माण किया था, जिसमें रवि बसरूर ने संगीत दिया है। वहीं, पिछले दिनों 'सलार' की टीम ने जोरों-शोरों से फिल्म की सफलता का जश्न मनाया। निर्माताओं ने बेंगलुरु के एक लक्जरी होटल में एक सक्सेस पार्टी आयोजित की, जिसमें फिल्म के सभी अभिनेताओं और क्रू की मेजबानी की थी। 'सलार' प्रभास के करियर के लिए भी संजीवनी साबित हुआ है। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित मास एक्शन 'सलार' ने दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

### भोजपुरी

## 'दुल्हा राजा' ने ऑनलाइन मचाई धूम, 26 को दर्शकों से होगी रूबरू



**रायपुर।** आगामी 26 जनवरी को रिलीज होने वाली फिल्म दुल्हा राजा के गाने और ट्रेलर सोशल मीडिया पर अब ट्रेंडिंग में आ चुके है , रील्स पर लगभग 50 लाख व्यूज से भी ज्यादा आ चुके हैं। फिल्म के हर गाने को लाखों में देखा जा रहा है और रोजाना व्यूज तेजी से बढ़ रहे हैं , साथ ही फिल्म के ट्रेलर ने धूम मचा रखा है। एक ही दिन में एक लाख व्यूज जाने के बाद अब विवरशिप लाखों में जा चुकी है सभी कलाकारों के इंटरव्यूज अब सोशल मीडिया में अरण्य सिनेमा के चैनल में देखे जा सकते हैं। अरण्य सिनेमा के बैनर तले फिल्म " दूल्हा राजा " का निर्माण किया गया है , जिसके निर्माता निर्देशक राज वर्मा हैं। छत्तीसगढ़ी सिनेमा में हर विधा में दखल रखने वाले राज वर्मा की यह चौथी फिल्म है। राज वर्मा लेखन से लेकर सिनेमा चलाने तक का अनुभव रखते हैं। बतौर अभिनेता नृत्य में पारंगत हैं और कराटे के मास्टर रहे हैं। अभिनेता के तौर पर सिनेमा में भी काम कर चुके हैं। इस फिल्म को सिनेमाघरों में छत्तीसगढ़ की जनता 26 जनवरी से देख पाएंगी। इस फिल्म में आठ अलग अलग विधा के खूबसूरत गाने हैं , जिसमे कर्मा , बिदाई , गोद भराई , मेहंदी , जस गीत और रैप सांग के साथ राज गीत जैसी पारम्परिक छत्तीसगढ़ महतारी जैसा गाना भी है । इस फिल्म के स्टार कास्ट में राज वर्मा , काजल सोनबेर , मनमोहन सिंह ठाकुर , अंशु दास मानिकपुरी, संजय महानंद , हेमलाल कौशल , शैलेन्द्र भट्ट , प्रदीप शर्मा , उपासना वैष्णव , अनुराधा दुबे , क्रांति दीक्षित , सोहैल खान , मनीषा वर्मा , दिव्या नागदेवे , राखी सिंह, राकेश यादव , अनुपम वर्मा, प्रकाश साहू और राजू शर्मा शामिल हैं।

फिल्म की कथा , पटकथा , संवाद- राज वर्मा ने लिखा है , संगीत सुनील सोनी का है गीतकार सूर्यकांत तिवारी , दिलीप पटेल और चंद्रप्रकाश भारद्वाज है।


### इस्से का शो

> पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में मेन्सवियर रेडी-टू-वियर फ़ॉल-विंटर 2024/2025 कलेक्शन के लिए 18 जनवरी की शाम पेरिस में प्रख्यात डिजाइनर इस्से मियाके का कलेक्शन मॉडल ने पेश किया। दर्शकों ने इन कलेक्शन के प्रति उत्साहजनक प्रतिक्रिया दी। पैलैस डे टोक्यो में इस्से मियाके ने पेरिस फैशन वीक के प्रदर्शन में फैशन को रोनन बॉरौलेक के चित्रों के साथ जोड़ा , जिससे एक सफेद रनवे पर रंगों से भरपूर काव्यात्मक संग्रह तैयार हुआ।



लाइफ स्टाइल

## अपने आप टूट रहे हैं नाखून तो ऐसे रखें इनका ध्यान



नाखूनों का ध्यान रखने के कुछ सिंपल टिप्स जानना जरूरी है। कई बार नाखून टूटने की शिकायत होती है। इससे भी बचाव संभव है। जरूरी है कि सर्दी के इस मौसम में हमेशा दस्ताने पहन कर रखें। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो सर्द हवाओं की वजह से आपके नाखून कमजोर होकर अपने आप ही टूटने लगेंगे। लगभग सभी लोग सर्दी के इस मौसम में गर्म पानी इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में नाखून काफी ज्यादा कमजोर होने लगते हैं। अगर आपके नाखून में कमजोर हो रहे हैं तो इन्हें गर्म पानी से दूर रखें। अगर आप अपने नाखूनों को अंदर से मजबूत बनाना चाहते हैं, तो उनकी हर रोज मालिश करें। इसके लिए आपको बस नारियल या बादाम का तेल लेना है, और उसकी मदद से हल्के हाथ से नाखूनों की मालिश करनी है। हाथों के साथ-साथ नाखूनों को पोषण देने में भी हैंडक्रीम काफी अच्छा काम करती है। ऐसे में सर्दी के मौसम में समय-समय पर हैंडक्रीम का इस्तेमाल करें। अगर आप सर्दी के इस मौसम में आप अपने नाखूनों के क्यूटिकल को साफ नहीं रखेंगे, तो इससे गंदगी जमा होती जाएगी। इसी गंदगी की वजह से नाखून कमजोर हो जाते हैं और टूटने लगते हैं।


## वेडिंग रेडी लुक पाने के लिए परफेक्ट रहेंगे आसान ब्रेड हेयर स्टाइल्स



अपने लुक को कम्प्लीट करने के लिए हेयर स्टाइल का रोल अहम होता है और फेस्टिव सीजन में बालों को खास लुक देने के लिए ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। फ्रंट ब्रेड हेयर स्टाइल में बालों को फ्रंट से सेट करना चाहती हैं 4 से 6 ब्रेड बनाकर आप इसे बोक पिंस की मदद से कर सकती हैं। इस तरह के हेयर स्टाइल के साथ आप छोटे-छोटे बीड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं और हेयर एक्सेसरीज की मदद से अपने लुक को कम्प्लीट कर सकती हैं। अगर आपको फेस्टिव सीजन में ब्रेड में ट्विस्ट देना है तो इस तरह के आधे बालों में केवल फ्रेंच डिजाइन की ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। वहीं आगे आपके बाल कलर हुए हैं तो इसकी लुक और भी ज्यादा खिलकर लेयर बाई लेयर निकलकर सामने नजर आएगी। सबसे आसान लेकिन देखने में थोड़ी सी मुश्किल जरूर नजर आती है यह वॉटर फॉल स्टाइल ब्रेड। वहीं बालों को आकर्षक लुक देने के लिए इसमें आप कलरफुल थ्रेड्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

## सर्दियों में प्लीटेड स्कर्ट को आसान तरीकों से करें स्टाइल

फैशन








सर्दियों के मौसम में किसी भी आउटफिट्स को स्टाइल करना काफी मुश्किल होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमें समझ नहीं आता की उसके साथ ऐसा क्या गर्म कपड़े को स्टाइल करें, ताकि आप स्टाइलिश भी लगे और सबसे अलग भी नजर आए। जब बात आती है प्लीटेड स्कर्ट को वियर करने की तो इसके लिए आप इस आर्टिकल में बताए गए टिप्स को ध्यान में रख सकती हैं। इससे आपका लुक भी परफेक्ट लगेगा। साथ ही आपको कुछ नया ट्राई करने का मौका मिलेगा।

**लॉन्ग कोट के साथ करें स्टाइलः** स्कर्ट पहनने के बारे में सोच रही हैं तो अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप लॉन्ग कोट के साथ इसे वियर कर सकती हैं। इसमें आपको ड्रेस के कॉन्ट्रास्ट में अपने लिए कोट लेना होगा। जिसे आप इसके साथ स्टाइल कर सके। इसके बाद आप चाहें तो बेल्ट को एड कर सकती हैं, ताकि कोट के साथ लुक में थोड़ा ग्रेस आ सके। लॉन्ग कोट आपको मार्केट में काफी सारे मिल जाएंगे जिन्हें आप 500 से 1000 रुपये में खरीद सकती हैं।

**हाईनेक के साथ करें स्टाइलः** अगर आपको स्कर्ट के साथ कुछ कोट या स्वेटर वियर नहीं करना है तो आप स्कर्ट के साथ हाईनेक (शहनाज गिल के साड़ी लुक्स) को पेयर कर सकती हैं। आजकल काफी फैंसी डिजाइंस की हाई नेक मिल जाती है, जो पहनने में भी अच्छी लगती हैं और लुक को क्लासी बनाती हैं। इसके साथ पहनकर आप स्कर्ट ऑफिस भी जा सकती हैं। मार्केट में ये हाईनेक आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएगी।

**बूट्स करें वियरः** स्कर्ट में कम्फर्टेबल रहने के लिए आपको फुटवियर भी वियर करने पड़ेंगे। ऐसे में आप लॉन्ग बूट्स को स्टाइल (विंटर आउटफिट टिप्स) कर सकती हैं। यह काफी स्टाइलिश लगते हैं। आजकल के फैशन ट्रेंड में भी काफी चल रहे हैं। इसमें आपको ब्लैक, ब्राउन, लाइट ग्रे यहां तक की व्हाइट कलर भी मिल जाएंगे। जिसे आप स्कर्ट के कलर से मैच करके पहन सकती हैं। इन टिप्स की मदद से आप प्लीटेड स्कर्ट को स्टाइल कर सकती हैं और लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।

## स्किन केयर में होने वाली इन गलतियों से खो सकता है आपकी त्वचा का निखार



सर्दी का मौसम चल रहा है, ऐसे में त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर इस मौसम में स्किन का सही से ध्यान ना रखा जाए तो त्वचा में कई तरह की परेशानियां सामने आने लगती हैं। ऐसे में चेहरे का ध्यान रखने के लिए ज्यादातर लोग घर पर ही स्किन केयर करते हैं। घर पर स्किन केयर करना वैसे तो काफी आसान है, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि जब हम घर पर स्किन केयर करते हैं, तो कुछ ऐसी गलतियां होती हैं, जो हम कर देते हैं, क्योंकि इनके बारे में हमें पता नहीं होता है। इन गलतियों की वजह से स्किन केयर का हमारी त्वचा पर काफी गलत असर भी पड़ने लगता है।

### सनस्क्रीन ना लगाना

अक्सर लोग ऐसा सोचते हैं, कि सर्दी के मौसम में सनस्क्रीन का इस्तेमाल क्यों ही करना? लेकिन क्या आप जानते हैं, कि गर्मी की तरह ही सर्दी के मौसम में भी सनस्क्रीन जरूर इस्तेमाल करनी चाहिए। सर्दी में निकलने वाली धूप में भी कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाते है।

### सही स्किन टाइप का ना जानना

सही स्किन केयर रूटीन बनाने के लिए अपने स्किन टाइप को न जानना एक मिस्टेक हो सकता है। अलग-अलग स्किन टाइप्स के लिए विभिन्न प्रोडक्ट्स होते हैं, और यदि आप अपनी स्किन को अच्छे से समझते नहीं हैं, तो आप गलत प्रोडक्ट्स का उपयोग कर सकते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### स्किन केयर रूटीन की अधिकता

सर्दी के मौसम में ज्यादा प्रोडक्ट्स का उपयोग करना भी एक मिस्टेक हो सकता है। अगर आप बहुत सारे प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं, तो ये भी त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

स्किन केयर रूटीन परिवर्तन ना करना

समय के साथ स्किन चेंज हो सकती है।

## नई बहू के पैरों में खूब जचेंगे बिछिया के ये डिजाइंस



दुल्हन के श्रृंगार में सिर से लेकर पांव तक ढेरों गहने लग जाते हैं। अधिकांश लोगों का ध्यान केवल उन गहनों पर जाता है जो आसानी दिख जाते हैं, मगर पैरों में पहने जाने वाली बिछिया का भी बहुत महत्व है। महत्व के साथ-साथ अब यह फैशन का भी हिस्सा बन चुकी है। इसलिए बाजार में आपको एक से बढ़कर एक बिछिया की डिजाइंस नजर जा जाएंगी।

**मल्टी कलर स्टोन बिछिया डिजाइन :** आजकल बाजार में जंक ज्वेलरी की ढेरों डिजाइंस और पैटर्न दिख जाएंगे, प्योर सिल्वर में भी आपको जंक स्टाइल ज्वेलरी देखने को मिल जाएगी। जंक ज्वेलरी में आपको टो रिंग भी मिल जाएगी। इस तरह की टो रिंग में आपको मल्टी कलर स्टोन वर्क मिल जाएगा, जो दिखने में बहुत ही खूबसूरत लगता है।

**वेस्टर्न स्टाइल टो-रिंग डिजाइन :** आपको सुनकर शायद अजीब लग रहा होगा मगर अब वेस्टर्न लुक एंड फील वाली टो-रिंग भी बाजार में आ रही हैं। इसमें आपको इंग्लिश डिजाइंस देखने को मिलेंगी। यह ट्रेडिशनल बिछिया से बहुत ही अलग नजर आती हैं और बहुत ज्यादा लाइट वेट होती हैं। बहुत सारी महिलाओं को बिछिया पहनने में हिचकिचाहट होती है क्योंकि जूते के अंदर जब वह बिछिया पहनती हैं, तो वह उन्हें चुभती हैं और असहज महसूस कराती हैं।

**अनकट डायमंड टो-रिंग डिजाइनः** अनकट डयमंड ज्वेलरी काफी समय से ट्रेंड में है। पहले तो केवल नेकलेस सेट में ही इस तरह की डिजाइंस देखने को मिलती थीं, मगर अब आपको टो-रिंग में भी अनकट डायमंड लुक मिल जाएगा। इतना ही नहीं, आपको इसमें कलरफुल अनकट डायमंड वाली टो-रिंग भी मिल जाएगी। आप इसे किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं।

इसमें आपको हैवी और लाइट दोनों तरह की डिजाइंस मिल जाएंगी। आप 2 फिंगर टो-रिंग सेट भी कैरी कर सकती हैं। इसके लिए आप एक फिंगर में हैवी और एक में लाइट वेट और डिजाइन की बिछिया पहनें।

### कार्नर न्यूज

### अभिनेताओं के लेटेस्ट फैशन से ले सकते हैं प्रेरणा, खूब जमेगी ड्रेस

## राष्ट्रीय पर्व पर पहनें पारंपरिक परिधान, गर्व की अनुभूति और स्टाइलिश दिखेगा लुक

*गणतंत्र दिवस का दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास है। ये दिन देशभर में 26 जनवरी को बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन सन 1950 में भारत संघ का संविधान लागू हुआ था, जिससे भारत गणराज्य बन गया। इस दिन को लोग ऊर्जा और जोश के साथ मनाते हैं। गणतंत्र दिवस के दिन तमाम स्कूलों और दफ्तरों में झंडा फहराया जाता है। इस दिन को मनाने के लिए लोग तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। जगह-जगह पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। अगर आप भी इस दिन खास तरह से तैयार होना चाहते हैं, तो हम आपको इसके कुछ विकल्प बताने जा रहे हैं।*



फिल्म जगत में कई ऐसे अभिनेता हैं, जिनके पास एथनिक का काफी शानदार कलेक्शन है। ऐसे में आप इन्हीं अभिनेताओं से टिप्स लेकर गणतंत्र दिवस के दिन तैयार हो सकते हैं। इन अभिनेताओं की लिस्ट में कार्तिक आर्यन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन शामिल हैं।

**वरुण धवनः** इस तरह का प्लेन सफेद कुर्ता और पायजामा आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा। इस लुक के साथ जब आप तिरंगा पकड़ेंगे तो आपका अंदाज काफी क्लासी दिखेगा।

**वरुण धवन का दूसरा लुकः** आप चाहें तो इस तरह का धोती कुर्ता गणतंत्र दिवस के दिन कैरी कर सकते हैं। ऐसा धोती-कुर्ता आपको स्टाइलिश दिखने में भी मदद करेगा।

**सिद्धार्थ मल्होत्राः** अपने लुक्स की वजह से पहचाने जाने वाले सिद्धार्थ मल्होत्रा का हर लुक कमाल का होता है। खासतौर पर अगर बात करें उनके एथनिक लुक्स की तो आप इससे टिप्स लेकर तैयार हो सकते हैं। उनका ये वर्क वाला कुर्ता गणतंत्र दिवस के दिन के लिए एक परफेक्ट विकल्प है।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा का दूसरा लुकः** इस तरह का पिंक रंग का कुर्ता आपको अलग दिखने में मदद करेगा। इसे आप व्हाइट रंग के पायजामे के साथ पहन सकते हैं। इसके साथ पैरों में कोल्हापुरी चप्पल ही पहनें।

**कार्तिक आर्यनः** अगर आप कार्तिक के इस लुक से टिप्स लेंगे तो आपका लुक काफी रॉयल लगेगा। इसके लिए आप हैवी वर्क वाला ऐसा कुर्ता कैरी कर सकते हैं। आपको बाजार में आसानी से चिकनकारी वर्क वाला कुर्ता मिल जाएगा।

**कार्तिक आर्यन का दूसरा लुकः** अगर आप कुछ ऐसा पहनने का सोच रहे हैं, जो सिंपल और सोबर दिखे तो आप कार्तिक के इस लुक से टिप्स ले सकते हैं। गणतंत्र दिवस के दिन पील रंग का कुर्ता देखने में कमाल का लगता है।

## ग्राम पंचायत बेंजोरा, तिलंगा, खुटेरा सहित कई ग्रामों में शिविर

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर वर्ग के लोग हो रहे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



- प्राप्त आवेदनों का त्वरित हो रहा निराकरण, मिल रही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

आमजनों को राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभन्वित करने का सिलसिला जारी है। जिले भर में जारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को लाभन्वित किया जा रहा है। जिसमें हर वर्ग के लोग शामिल है, जिन्हें विभिन्न योजनाओं सहित बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिल रही है।

यात्रा के तहत जिले के सभी विकासखंडों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में रविवार को यह यात्रा मनोरा के ग्राम पंचायत बेंजोरा, कुनकुरी के बंसतटाला, दुलदुला के ग्राम पंचायत मयूरचुन्दी, ग्राम मकरिबंधा कांसाबेल के तिलंगा और ग्राम खुटेरा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में पहुंची। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान आमजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलवाई गई। ग्राम पंचायत खुटेरा, तिलंगा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लोगों का टीबी. स्क्रीनिंग, हेल्थ चेकअप व सिकलसेल टेस्ट भी की गई। आमजनों को राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही मौके पर उज्जवला योजना, आवास योजन, केसीसी सहित अन्य योजनाओं से पात्र हितग्राही को लाभन्वित किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर में सिकलसेल, एनसीडी की जांच भी की जा रही है। किसानों को ड्रोन के जरिए खाद व कीटनाशक छिडक़ाव की विधि, कृषि कार्य में जैविक खाद एवं नैनो यूरिया का उपयोग करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इसी तहत जिले के प्रमुख आदिवासी आबादी वाले क्षेत्रों में सिकल सेल रोग के लिए प्वाइंट ऑफ केयर परीक्षणों के माध्यम से या विलेयता परीक्षण, कार्बन टेट्राक्लोराइड परीक्षण के माध्यम से सिकल सेल रोग का पता लगाने के लिए पात्र आबादी की जांच की जा रही है।

## सहायक शिक्षक के अमर्यादित व्यवहार पर विद्यालय के प्रधान पाठक निलंबित

**जशपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक के शराब पीकर व अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर अशलील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में विभागीय जांच उपरांत विद्यालय के प्रधान पाठक जीवन साय पैंकरा के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, शासकीय प्राथमिक शाला बिमड़ा के सहायक शिक्षक राजेश कुमार सूर्यवंशी द्वारा शराब पीकर विद्यालय में उपस्थित हुए व दोपहर 3 बजे विद्यालय में अध्ययनरत 5वीं कक्षा के छात्र मनोहर सिंह पिता प्रेमनाथ सिंह को अपने चचेरे भाई बीनू राम सूर्यवंशी के साथ मारपीट, अमर्यादित गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दिया। प्रधान पाठक जीवन साय पैंकरा द्वारा बिना पूर्व सूचना व अवकाश स्वीकृत कराए बगैर विद्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई। मामले की सूचना होने के बाद भी प्रधानपाठक द्वारा उक्त घटना के संबंध में अपने उच्चाधिकारी को अवगत नहीं कराया गया। उक्त कृत्य छग सिविल सेवा नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है, जो कदाचरण की श्रेणी में आता है।

## भगवान कृष्ण व रूकमणी विवाह की सुनाई कथा, भक्तों ने निकाली बारात

**पत्थलगांव।** श्रीमद भागवत कथा कटंगतराई, तिलडेगा रोड, पत्थलगांव में चल रहा है। जहां रोजाना भागवत कथा के भजन में महिलाएं खूब थिरक रहीं हैं। कथा वाचक आचार्य रामानुग्रह शास्त्री है जो जबलपुर वृंदावन से आकर भक्तों को श्रीमद भागवत कथा सुना रहे है। उन्हें सुनने के लिए दूर दूर से श्रोता आ रहे है। कथा वाचक अनुग्रह शास्त्री ने श्रीमद भागवत कथा की बात सुनाते हुए अनेक महत्वपूर्ण बातें कही। उन्होंने कहा कि हमें सभी धर्मों की इज्जत करनी चाहिए। हिन्दू धर्म की बात कहते हुए कहा कि हमारे धर्म की बड़ी विशेषता है। हमारे धर्म में विश्व के कल्याण की बात कहते है। हम सभी के कल्याण की बात कहते है। सभी लोग खुश रहे, खुशहाल रहे। कंस को मारने उसे तार देने की बात को अपने भजन के जरिए भक्तों को गाकर बताया। रविवार के श्रीमद भागवत कथा में श्री कृष्ण विवाह के कथा सुनाई।

TOP IN KORIA



































## खबर संक्षेप




### पोड़ी में शाला प्रबंध समिति की बैठक

**कोरिया कॉलरी।** चित्ताझोर पोड़ी में शाला प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठक की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। बैठक में गंभीरता से गहन किया गया कि शाला में छात्रों का विकास किस तरह से किया जाए और इस दिशा में शाला प्रबंध समिति के अपने क्या अधिकार प्राप्त है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश छात्रों को पढ़ाई की दिशा में अग्रेसित कर उनका विकास करना था। संकुल प्रभारी राम कुमार राजवाड़े के निर्देश में संकुल समन्वय किशोर ओझा, प्रशिक्षण प्रमुख फारुक अहमद खान, अध्यक्ष माध्यमिक शाला पीर मोहम्मद, बाबी सिंह, अध्यक्ष माध्यमिक कन्या शाला की यशोदा देव सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

### तलवार लहराकर आतंक मचाने का आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** नगर के अंबेडकर चौक के पास शनिवार को दोपहर तलवार लहरा कर आतंक मचाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है।



बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर कबाड़ी मुहल्ला निवासी आरोपी 35 वर्षीय राकेश तिग्गा उर्फ छोटू तिग्गा पिता गैब्रियल तिग्गा शनिवार की दोपहर नगर के अंबेडकर चौक के पास तलवार लहरा कर लोगों को आतंकित कर रहा था। सूचना मिलते ही प्रधान आरक्षक अविनाश सिंह, इन्द्रजीत सिंह, विकास सिंह, आरक्षक अखिलेश पांडेय, अजय सिंह, जयप्रकाश यादव तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से तलवार को जब्त कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय पेश कर दिया गया है।

### श्रीराम कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल नगरी में श्रीराम मंदिर उद्घाटन के अवसर पर शुरू हुए श्रीराम कथा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर कथा का श्रवण किया। श्रीराम कथा का प्रवचन पं.अशोक कृष्ण जी महाराज श्रीधाम वृन्दावन के मुखार बिंद से कराया जा रहा है। शनिवार को यहां पर पं.अशोक कृष्ण जी महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को माता सती मोह नष्ट, सती के देह परित्याग, दक्ष के यज्ञ का विध्वंश व कामदेव को तीसरे नेत्र से भस्म करना और फिर पार्वती का जन्म, पार्वती जी की तपस्या एवं धूमधाम से भगवान भोलेनाथ की माता पार्वती के साथ विवाह के संबंध में विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया।

### पदोन्नति पर संभाग के लिपिक वर्ग कर्मचारियों में उल्लास

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के समस्त जिलों में कार्यरत सहायक ग्रेड 3 के पद पर कार्यरत कर्मचारियों की सहायक ग्रेड 2 संवर्गीय पदों पर विभागीय पदोन्नति वरिष्ठता क्रम के आधार पर सहायक ग्रेड 2 के पदों पर 23, संगणक 7, कैशियर 5 एवं स्टीवर्ड 2 पदों पर पदोन्नति पश्चात पदस्थापना की कार्रवाई संभाग स्तरीय चयन समिति द्वारा कर्मचारियों की वरिष्ठता आधार पर पूर्ण की गई। कई वर्षों के बाद पदोन्नति मिलने से संभाग के स्वास्थ्य विभाग के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों में हर्ष एवं उल्लास है।

### स्पर्धाओं के विजेताओं को वितरित किया प्रमाण-पत्र

**अम्बिकापुर।** विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज में 17 जनवरी को विधायक राजेश अग्रवाल व प्रबोध मिंज, पूर्व सांसद कमलभान सिंह मरावी, अनिल सिंह मेजर, ललन प्रताप सिंह, अंकित जायसवाल, विश्वविजय सिंह तोमर, अभिमन्यु गुप्ता के आतिथ्य में 17 जनवरी को विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्राचार्य डॉ.राम नारायण खरे ने संस्था की उपलब्धियों की जानकारी दी।

आल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट

# दिल्ली की टीम मैच जीत कर पहुंची सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

48 वां ऑल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट रोजाना खेले जा रहे हैं। चरचा कॉलरी के महाजन स्टेडियम में चल रहे टूर्नामेंट में नौवें दिन रविवार को चौथा क्वार्टर फाइनल मैच 3:30 बजे दिल्ली एफसी वर्सेस एमईजी बैंगलोर कर्नाटक के मध्य खेला गया। अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच में दोनों खिलाड़ियों ने परिचय प्राप्त मैच प्रारंभ किया।



विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथि।

शुरूआत से ही दोनों ही टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और एक-दूसरे पर हावी रहे। दोनों ही टीमे गोल करने का प्रयास करते रहे। मैच प्रारंभ के 16 मिनट में ही दिल्ली टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 7 कुसागर ने शानदार पहला गोल कर बढ़त बनाया। मैच प्रारंभ से ही दिल्ली टीम चढ़कर खेल रहा था, जिसका परिणाम सफल रहा। वहीं बैंगलोर टीम ने गोल बराबर का प्रयास करता रहा, लेकिन सफलता नहीं मिली। उधर दिल्ली टीम को मध्यांतर के 12 मिनट पहले एक और सुनहरा अवसर मिला दूसरा गोल करने का तो जर्सी नंबर 18 वीर ने गोलकर 2 से बढ़त बनाया। मध्यांतर तक दिल्ली एफसी 2-0 से बढ़त बनाए रखा। मैच के मुख्य निर्णायक विशाल प्रजापति, पप्पू कुमार, चंदन बेहरा, सांतन अग्रवाल, मैच कमिश्नर अनिल कचैर रहे। 15 मिनट मध्यांतर के बाद मैच 3:28 में प्रारंभ हुआ। मध्यांतर के बाद दोनों टीमें मैदान में उतरी। काफी संख्या में मैच देखने पहुंचे रहे। मंच अतिथि सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष नजीर अजहर, अस्थि रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय डॉ. राजेन्द्र बनसरिया, खान सुरक्षा प्रभारी एमआर मांडवी, प्रवीन कुमार, डॉ. अशोक बिराजी मौजूद रहे। बैंगलोर टीम शुरू से दबाव में खेलते देखा गया और गोल नहीं कर पा रहा था। उधर दिल्ली टीम को मध्यांतर के बाद तीसरा गोल करने का मौका मिला, परंतु टीम गोल नहीं कर पाई। इसी के साथ दिल्ली ने बैंगलोर को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैन ऑफ द मैच दिल्ली टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 7 कुसागर को सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, नजीर अजहर एवं डॉ. राजेन्द्र बनसरिया के हाथों दिया गया। इस प्रतियोगिता के अध्यक्ष सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, संदीप कुमार, सचिव डॉ. अशोक बिराजी, सह सचिव एमएच खान, अशोक निर्मलकर, कोषाध्यक्ष मोहम्मद रियाज है। ग्राउंड देखरेख में विजय विश्वकर्मा, रोशन अब्दुल, सुनील बरला, प्रदीप डे, सुनील बरला, अब्दुल , मो.रफीक, मो. मुनाफ, पदमों, सीताराम, सुरक्षा प्रहरी दीपक साहू, मेडिकल से दिनेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद है। खाने की मेस में मेन मिस्त्री राजू, लल्लू, सिंपल, धनंजय सिंह, गुड़िया, फुल बाई, दिलीप ने सेवा दिया। सोमवार को पहला सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। यह मैच 3:30 बजे तमिलनाडु पुलिस वर्सेस डाउन टाउन हीरोज कश्मीर के मध्य खेला जाएगा।

# विकसित भारत संकल्प वैन का ग्रामीणों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

ऐतिहासिक प्रयास में भारत सरकार ने राज्यों और क्षेत्रों के साथ मिलकर विकसित भारत संकल्प यात्रा नामक महत्वाकांक्षी मिशन शुरू किया है। यह महत्वपूर्ण अभियान अंतर को पाटने और महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रमों के लाभों को देश के हर कोने तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है।

यह सुनिश्चित करते हुए कि कोई भी पात्र व्यक्ति परिवर्तनकारी पहल से अछूता न रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य सरकारी सहायता के संभावित लाभार्थियों की पहचान करना, विविध कार्यक्रमों के बारे में जानकारी का प्रसार करना, नागरिकों के साथ बातचीत करके उनके अनुभवों को समझना और उन लोगों के नामांकन की सुविधा प्रदान करना है, जिन्होंने अभी तक इन अवसरों का लाभ नहीं उठाया है।

19 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ जिले के विकासखंड़ भरतपुर के ग्राम कमर्जी, मुर्किल, नेउर तथा ठिसकोली पहुंचा। जहां पर ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन का स्वागत समिति एवं उत्सव समिति ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों ने रथ के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश सुना। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्र सरकार की 17 प्रकार की फ्लैगशिप योजना आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाइजर इसके अतिरिक्त सिकल सेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन,एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, स्कॉलरशीप योजना, वन अधिकार पट्टा-व्यक्तिगत एवं सामूहिक, वन धन विकास केन्द्र शामिल है। इन योजनाओं की जानकारी अधिकारी-कर्मचारियों ने दी और उसका लाभ उठाने के लिए ग्रामीण जनता को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। जिला प्रशासन के साथ निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करने के लिए राज्य, जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो अभियान की सफलता के लिए सामूहिक रूप से काम कर रहे हैं।

## कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में किया गया राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**बिश्रामपुर।** नगर के शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी विद्यालय में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के परिपालन तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार शनिवार को 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के संदर्भित विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के संदर्भ में आयोग के निर्धारित थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेगें हम, मतदान जैसा कुछ नहीं, मैं निश्चित रूप से मतदान करता हूं पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं एवं 12वीं की कुल 23 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का जिला स्तरीय आयोजन शिव पार्क के पास स्थित मंगल भवन सूरजपुर में आयोजित होगा। प्रतियोगिता पश्चात 1 दिसम्बर 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाली छात्राओं को लोकतंत्र में निर्वाचन की प्रक्रिया एवं महत्व को मास्टर ट्रेनर राजेश



किस्पोट्टा तथा संतोष कुमार उपाध्याय द्वारा विस्तारपूर्वक बताते हुए सुदृढ लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता को अपने नैतिक जिम्मेदारी को निभाने हेतु प्रेरित किया गया, साथ ही सभी छात्राओं व शिक्षकों को मतदाता जागरूकता का शपथ दिलाई गई। आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य, वरिष्ठ व्याख्याता राजवंत सिंह, डॉ. रेखालाल, महादेव प्रसाद जायसवाल व अन्य उपस्थित थे।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग लड़की को दरभंगा से पुलिस ने किया बरामद


**बिश्रामपुर।** करीब दो महीने पूर्व रहस्यमय ढंग से गायब एक नाबालिग लड़की को पुलिस ने दरभंगा बिहार से पकड़कर ले आई है। पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की को उसके परिजन के सुपुर्द कर दिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि एक नाबालिग लड़की 21 अक्टूबर 2023 को रहस्यमय ढंग से गायब हो गई थी।परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा गुमशुदगी कायम कर ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिक लड़की की तलाश शुरू की गई थी। पुलिस द्वारा नाबालिक लड़की को दरभंगा बिहार से बरामद कर उसे शनिवार को यहां ले आई है। साथ ही नाबालिग लड़की को परिजन के सुपुर्द कर मामले में विवेचना शुरू कर दी गई है।उक्त कार्रवाई में जयनगर थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी, सहायक उप निरीक्षक वरुण तिवारी, प्रधान आरक्षक बृजकिशोर ध्रुवा, आरक्षक श्याम सिंह, महिला आरक्षक शर्मिला पैकरा सक्रिय रहे।

## चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से बादलों में छिपा सूरज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अभी पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से राहत मिलने की संभावना नहीं है। विक्षोभ का प्रभाव धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है लेकिन मौसम में आए बदलाव के कारण वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ गई है ऐसे में आसमान साफ होने में अभी दो-तीन दिन लगने की संभावना जताई जा रही है। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण आसमान पर निम्नस्तरीय घने बादलों के सक्रिय होने से मौसम अधिकारी कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से पिछले चार दिनों से शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग का मौसम बदला हुआ है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ने के कारण न्यूनतम तापमान बढ़कर 12.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। गुरूवार को बादलों की सक्रियता के बीच पूरे दिन उत्तर की

**खास बात**
- रात में कहीं-कहीं हलकी बर्षा होने की संभावना



सर्द हवाएं चली साथ ही बाहरी क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। मौसम में आए बदलाव के कारण शुक्रवार को रात के तापमान में 3.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने लगी। स्थिति को देखते हुए मौसम विज्ञानी रविवार तक विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने पर आसमान साफ होने की संभावना व्यक्त कर रहे थे। आसमान पर बादलों का प्रभाव भी कम होना शुरू हो गया था। इसी बीच शनिवार को महाराष्ट्र के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण का प्रभाव पहुंच गया। सुबह बादलों की सक्रियता कम होने के साथ ही अच्छी धूप निकली लेकिन दोपहर बाद आसमान पर निचले स्तर के घने बादल छाने के कारण अंधेरा हो गया। मौसम विज्ञानियों के अनुसार महाराष्ट्र के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से उत्तर छत्तीसगढ़ में लगातार खाड़ी से नमी पहुंच रही है जिसके कारण आसमान पर एक बार फिर घने बादलों की सक्रियता बढ़ गई है। बादलों के कारण धूप नहीं निकल रही है तथा 2-3 दिनों तक मौसम के यथावत रहने की संभावना जताई जा रही है। मौसम में आए बदलाव के कारण हर दिन सुबह घने कोहरे से जूझना पड़ रहा है। मौसम विज्ञानी आगे भी कोहरे का प्रभाव जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। शनिवार को रात के तापमान में 2.0 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है तथा न्यूनतम तापमान समान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया है जिससे ठंड बढ़ गई है। धूप नहीं निकलने के कारण दिन में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है तथा विपरीत मौसम के कारण लोग सर्दी-खांसी व बुखार से ग्रसित हो रहे हैं वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने एवं धूप नहीं निकलने के कारण मौसम विज्ञानी दिन के तापमान में भी गिरावट आने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों में दिन के तापमान में 6.0 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है अधिकतम तापमान 20.0 है। ऐसे में धूप नहीं निकली एवं दिन के तापमान में 2.0 डिग्री सेल्सियस से अधिक की गिरावट हुई तो भविष्य में कोल्ड-डे की स्थिति निर्मित हो सकती है। चक्रवाती परिसंचरण के आगामी 2-3 दिन में कमजोर पड़ने के साथ ही आसमान साफ होने की संभावना है। आसमान के साफ होते ही फिर से उत्तर की सर्द हवाओं का प्रवाह प्रारम्भ होने एवं रात के तापमान में 2-3 डिग्री तक की गिरावट होने की संभावना है। साथ ही एक बार फिर ठंड का पलटवार होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एसके मंडल ने बताया कि चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण मौसम के यथावत रहने की संभावना है। दिन के तापमान में गिरावट होने के कारण रविवार को कोल्ड-डे की स्थिति निर्मित होने एवं मौसम साफ होने के बाद तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है।

**देर शाम हुई वर्षा**

शाम 6 बजे आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही अचानक वर्षा होने लगी। इस दौरान 6.30 बजे तक हल्की वर्षा होती रही। मौसम विज्ञानी रात में एवं रविवार को भी कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना जता रहे हैं।

## सड़क पर गिरे पेड़ से टकराई कार, सवार युवक की मौत

**रामानुजनगर।** रिश्तेदार को रेलवे स्टेशन से छोड़कर रात में घर लौट रहे कार सवार सड़क किनारे काटकर गिराए गए पेड़ से टकरा गए। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम रामानुजनगर निवासी गिरीश राजवाड़े आ. कालिका प्रसाद राजवाड़े (25 वर्ष) बीती रात गांव के ही दिल भजन राजवाड़े आ. स्व. छोटू राम राजवाड़े (25 वर्ष) के साथ सूरजपुर रेलवे स्टेशन अपने रिश्तेदार को छोड़ने गया था। रेलवे स्टेशन जाते समय मार्ग पर कहीं पेड़ नहीं गिरा था। रात लगभग 12 बजे गिरीश अपने रिश्तेदार को रेलवे स्टेशन में छोड़ने के साथ दिल भजन के साथ कार से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही भुनेश्वरपुर आमापारा के समीप पहुंचे तभी अज्ञात लोगों द्वारा काटकर सड़क पर गिराए गए सूखे पेड़ से जा टकराए। हालांकि चालक तेज रफ्तार वाहन को कंट्रोल करने का प्रयास किया परंतु कार तेज रफ्तार होने के कारण सड़क पर गिरे पेड़ से जा टकराई। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सवार गिरीश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दिल भजन के सिर में चोट लगने से मौके पर ही अचेत हो गया। घटना के कुछ समय बाद जब दिल भजन को होश आया तो उसने घटना की जानकारी परिजन को दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत गिरीश को मृत घोषित कर दिया जबकि दिल भजन का उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है। मृतक गिरीश राजवाड़े जिपं उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े का भतीजा था।

## 170 स्कूली बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में प्रथम चरण में 170 छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। इसमें प्राथमिक स्तर के विशेष आवश्यकता वाले बच्चे एवं राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत गणित और विज्ञान विषयों में रूचि रखने वाले सामान्य बच्चे शामिल थे। शैक्षणिक भ्रमण के लिए जिला प्रशासन द्वारा बच्चों के लिए दो बसों की व्यवस्था की गई जिसमें एक बस में सामान्य बच्चों एवं दूसरे में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की बैठने की व्यवस्था की गई थी जिसे एसडीम लक्ष्मण तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल, डीएमसी शशिकांत सिंह, सहायक संचालक रविन्द्र सिंहदेव भी उपस्थित थे। भ्रमण दल में बच्चों के साथ सभी विकासखंड के बीआरपी, संबंधित बच्चों के विद्यालयों के शिक्षक एवं दिव्यांग बच्चों के पालक शामिल रहे। रवाना होने के बाद सर्वप्रथम बच्चों का भ्रमणदल सूरजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडोनगर पहुंचा, जहां उन्होंने राष्ट्रपति भवन का भ्रमण किया। इसके पश्चात भ्रमण दल आगे के लिए रवाना हुआ और रेलवे स्टेशन अंबिकापुर पहुंचा, जहां बच्चों को रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म, टिकट काउंटर आदि दिखाकर उसके बारे में बताया गया। इसके बाद बच्चे इंदिरा गांधी कृषि अनुसंधान केंद्र पहुंचे जहां बच्चों ने कृषि अनुसंधान केंद्र में लगे बागवानी एवं पेड़ पौधों को देखा। इसके पश्चात बच्चों का दल अंबिकापुर स्थित संजय पार्क पहुंचा ।

## अस्पताल से लापता ग्रामीण का गन्ने के खेत में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

ग्राम नरेशपुर में उस समय सनसनी का माहौल निर्मित हो गया जब एक किसान के गन्ने की खेत में ग्रामीण का शव मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शिनाख्त कराया तो पता चला कि मृतक पांच दिन पूर्व ही अस्पताल से लापता हो गया था। इधर ग्रामीण के ठंड लगने से मौत हो जाने की आशंका जताई जा रही है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह ग्राम नरेशपुर के ग्रामीणों ने गांव के विधुन राम के गन्ने के खेत की ओर गए तो देखा गन्ने के खते में अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक की पहचान कराया तो पांच दिन पूर्व ही जिला अस्पताल से लापता हुए मरीज रोशन लाल देवांगन के रूप शिनाख्त हुई। मृतक रोशन लाल देवांगन के परिजन ने पुलिस को बताया कि 14 जनवरी को वह लकड़ी लेने जंगल की ओर गया था। पैर फिसल जाने से गिर गया जिससे घायल हो गया था। पैर व सिर में चोट लगने पर उसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। सिर में चोट के कारण रोशन लाल देवांगन की दिमागी हालत बिगड़ गई थी और वह 15 जनवरी को जिला अस्पताल से बिना किसी को कुछ बताए कहीं चला गया। था।

**ठंड लगने से मौत की आशंका**

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक रोशन लाल देवांगन पिछले तीन चार-दिनों से नरेशपुर के आसपास घूम रहा था। उसके पास नाममात्र के कपड़े थे।

## रिंकू नाविक महाविद्यालय अध्यक्ष, बरतलाल मंत्री नियुक्त



**प्रतापपुर/पोड़ीमोड़।** अभाविप प्रतापपुर में कैम्पस कार्यकारणी कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कोरिया के विभाग संयोजक निलेश नाविक एवं सूरजपुर जिला संयोजक अंकुर पटेल व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रदीप यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने कालिदास महाविद्यालय के विद्यार्थियों के समक्ष अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। निलेश नाविक ने सभी छात्र छात्राओं को विद्यार्थी परिषद के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा की विद्यार्थी परिषद किसी भी राजनीतिक संगठनों से संबंध नहीं रखता। विद्यार्थी परिषद एक स्वतंत्र छात्र संगठन है जो छात्रों के समस्याओं का समाधान के लिए सदैव ही संघर्ष करता है। इस बीच कॉलेज कैम्पस का गठन निर्वाचन अधिकारी के रूप में प्रदीप यादव ने किया। जिसमे कॉलेज कैम्पस के कैम्पस अध्यक्ष रिंकू नाविक, मंत्री बरत लाल, उपाध्यक्ष पूजा दुबे, कौशल्या, खुशबू ठाकुर, विकास नाविक, प्रीतम पटेल, नारायण पैकरा, मनोज रजवाड़े, नंदेश्वर यादव, सहमंत्री विमला सिंह , किरण नाविक, आशीष देवांगन, नीरज नापित, अमन नाविक, नीलम, विवेक सोनी, कार्यालय मंत्री दयाशंकर आयम, एसएफ डी प्रमुख दुर्गेश रजक, एसएफएस प्रमुख कुणाल मानिकपुरी, राष्ट्रीय कला मंच शैलेश, सीता सोन्हा, क्रीडा प्रमुख नरेंद्र सिंह, कार्यकारिणी सदस्य अजय नाविक, श्रवण कुमार, देव कुमार, अनिमा प्रधान, राम धनी, दुलार साय पैकरा, किशन कुमार, अशोक कुमार, अमन पैकरा, ऋषभ श्रीवास्तव सहित अन्य को बनाया गया है। छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुति दी। अलग अलग ग्रुप द्वारा धार्मिक, देश भक्ति गानों पर नृत्य करते हुए भगवान राम की सुन्दर झांकी भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम पश्चात महाविद्यालय से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। नगर वासी एवं सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा जगह- जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

## तृतीय वर्ग कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौंपा मांगों का ज्ञापन



**रामचंद्रपुर।** प्रांतीय संगठन के अह्वान पर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है। ज्ञापन की 12 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की गई है। ज्ञापन में केन्द्र के समान 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता, 7वें वेतनमान की 7वीं किश्त का भुगतान, कर्मचारियों को 300 दिन का अवकाश नगदीकरण की सुविधा, सभी संवर्ग के कर्मचारियों की वेतन विसंगति का निराकरण, दैनिक वेतन भोगी एवं कार्यभारित कर्मचारियों का नियमितिकरण, लम्बित पदोन्नति का निराकरण, सेवाकाल में त्री स्तरीय वेतनमान, 6 महीने में अनुकंपा नियुक्ति, निर्धारित समय पर परामर्श दात्रि समिति की बैठक आयोजित करने एवं कर्मचारी संगठनों को स्थाई मान्यता देने की मांग की गई है।

